
# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग


# सामान्य अध्ययन


## प्रारम्भिक परीक्षा-2015 ( द्वितीय प्रश्न-पत्र )


**समय : 2 घंटे** **अधिकतम अंक : 200**


1. नीचे दिये चित्र में लुप्त वर्ग का पता लगाओ-



(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

2. एक घनाभ (क्यूबाइड) के छः पृष्ठ अलग-अलग रंग के है। नीला पृष्ठ सफेद से लगा हुआ है। लाल पृष्ठ काले वाले के सामने लेकिन पीले से लगा हुआ है। भूरा पृष्ठ नीले से लगा हुआ है। लाल पृष्ठ नीचे की तरफ रखा हुआ है। निम्नलिखित में से कौन-सा पीले के सामने होगा?
(a) नीला (b) सफेद
(c) लाल (d) काला

3. एक टूर्नामेंट में 14 टीमें खेलीं। लीग चरण में, प्रत्येक टीम हर दूसरी टीम से केवल एक ही बार खेली। लीग चरण के बाद, शीर्ष की चार टीमों में दो सेमीफाइनल हुए और अंततः सेमीफाइनल के विजेताओं में एक फाइनल मैच हुआ, तो कुल कितने मैच खेले गये?
(a) 108 (b) 94
(c) 81 (d) 78

4. निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न की जगह सही विकल्प का पता लगाइए :
1, 5, 13, 29, 61, 125, ?
(a) 186 (b) 232
(c) 250 (d) 253

5. प्रश्न चिह्न की जगह आने वाली संख्या की पहचान कीजिए

| | | |
|---|---|---|
| 19 | 9 | 17 |
| 23 | 12 | 25 |
| 12 | ? | 31 |


(a) 4 (b) 11
(c) 15 (d) 18

6. प्रश्न चिह्न की जगह आने वाली संख्या की पहचान कीजिए

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 |
| | | | 2 | 1 |
| | | 2 | 1 | 1 |
| | 5 | 3 | 1 | 1 |
| ? | 3 | 2 | 2 | 1 |

(a) 4 (b) 6
(c) 7 (d) 9

7. निम्नलिखित में कौन-सा अगले स्थान पर आएगा?



(a) 

(b) 


(c) 


(d) 


8. प्रश्न चिह्न के स्थान पर वर्णमाला का कौन-सा क्रम आएगा?
MNZA, LPYC, KRXE, JTWG, ?
(a) IUUI (b) IVVI
(c) HVVH (d) HUUH


9. एक किसी कूट में 157 का अर्थ है - 'parents love kids', 619 का अर्थ है - 'love birds nice' और 952 का अर्थ है - 'parents like birds'। तब इसी भाषा में 'nice' का संकेत क्या है?
(a) 1 (b) 6
(c) 9 (d) कोई नहीं


10. लुप्त टाइल का पता लगाओं।




(a) 

(b) 

(c) 


(d) 


11. नीचे दिये चित्र में अन्तर्वेधिक वर्गों सहित कुल कितने वर्ग हैं?





(a) 13 (b) 14
(c) 17 (d) 18

12. नीचे के चित्रों में कौन-सा विषम है?

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

13. एक 52 विद्यार्थियों वाली कक्षा में, अभय का रैंक नीचे से चतुर्थांश में आता है। चन्द्र का रैंक, अभय के रैंक के वर्गमूल के बराबर है। चंद्र का रैंक है-

(a) 1 (b) 8
(c) 5 (d) 7

14. ध्यान से :: के बायें तरफ के जोड़े को देखिए। इनमें एक निश्चित संबंध है। इसी संबंध के अनुसार दाहिनी तरफ के जोड़े का लुप्त पद क्या होना चाहिए?

POWER : TGYQR :: TRAIN : ?

(a) VCTKP (b) VTCKP
(c) PCKTV (d) PKCTV

15. नीचे की सूची में चार अक्षर-जोड़ियों में से तीन एक प्रकार की है और एक भिन्न है। विषम जोड़ी कौन-सी है?

(a) AA (b) BB
(c) BD (d) DP

16. निम्नलिखित श्रेणी में, केवल एक अंक सही नहीं है। गलत अंक कौन-सा है?

2, 3, 8, 62, 3968

(a) 2 (b) 8
(c) 62 (d) 3968

**निर्देश : ( प्रश्न सं. 17 व 18 ) :** निम्नांकित सूचना का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

एक वर्ष के एक विशेष महीने में पाँच मंगलवार पड़ते है और अन्य सभी दिन पाँच बार से कम आते हैं।

17. यह उल्लेखित महीना है

(a) फरवरी (b) अप्रैल
(c) जून (d) नवंबर

18. अगले महीने का पहला दिन है

(a) शनिवार (b) सोमवार
(c) बुधवार (d) बृहस्पतिवार

**निर्देश :** (प्रश्न संख्या 19 व 20) : निम्नांकित सूचना को सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

एक वर्गाकार (2 मी. x 2मी.) बैठक व्यवस्था इस प्रकार की गई है कि वर्ग की भुजा या तो उत्तर-दक्षिण अथवा पूर्व-पश्चिम दिशा में जाती है। A, B, C, D, E, F, G और H नामित व्यक्ति इस व्यवस्था में इस प्रकार बैठे हैं कि व्यक्ति या तो वर्ग के कोनों अथवा वर्ग भुजाओं के मध्य बिन्दु पर स्थित है। सब लोग एक-दूसरे के आमने-सामने बैठे हैं।

A और D वर्ग की कर्ण रेखा पर सामने वाले कोने पर बैठे है।

A के दक्षिण में 1 मीटर की दूरी पर C बैठा है।

C से उत्तर पश्चिम दिशा में F बैठा है।

F से एकदम दक्षिण में B बैठा है और B, G और D के बीच में बैठा है।

G और H एक-दूसरे से $2\sqrt{2}$ मी. की दूरी पर बैठे हैं।

19. B से 2 मी. की दूरी पर कौन बैठा है?

(a) F (b) A
(c) H (d) E

20- E से दक्षिण पूर्व दिशा में कौन बैठा है?

(a) F (b) B
(c) A (d) G

21. विंसेंट एक अखबार वाला लड़का है जो हर सुबह 20 समाचार-पत्रों को बाँटता है। यह काम वह 30 मिनट में पूरा करता है। वह जब भी बीमार होता है, तो अपने दोस्त कुमार को सभी 20 घरों में समाचार-पत्रों को बाँटने को कहता है।

(a) विंसेंट कुमार पर विश्वास करता है।
(b) विंसेंट अकसर अपने काम से छुट्टी लेता है।
(c) जिन घरों में समाचार-पत्र दिया जाता है वे एक-दूसरे से बहुत दूर स्थित हैं।
(d) विंसेंट समाचार-पत्र वितरण के बाद कुछ अन्य काम करता है।

22. विद्यालयों में विदेशी भाषाओं को बढ़ावा देने के पीछे मुख्य इरादा है-

(a) भारतीय भाषाओं की अपेक्षा विदेशी भाषाओं को अधिक महत्व देना।
(b) भारतीय और विदेशी भाषाओं को समान महत्व देना।
(c) अन्य विषयों की तुलना में कला को अधिक महत्व देना।
(d) बच्चों को वैश्विक नागरिक बनाना।

23. हमारे देश में, संसद के दोनों सदनों के सदस्यों द्वारा एक व्यक्ति को उपराष्ट्रपति चुना जाता है। इसका तात्पर्य है कि, चुनाव के पहले–
(a) व्यक्ति निश्चित रूप से लोक सभा का सदस्य है।
(b) व्यक्ति निश्चित रूप से राज्य सभा का सदस्य है।
(c) व्यक्ति निश्चित रूप से केंद्रीय मंत्रिमंडल का सदस्य है।
(d) व्यक्ति हमारे देश का नागरिक है।

24. आज के कर्मचारी वर्ग में सामाजिक मूल्यों का एक नया सेट है। उदाहरण के लिए, अतीत में, एक डिप्टी कलेक्टर ने, एक दूर के जिले में पदोन्नति मिलने पर इस पदोन्नति से जुड़े तबादले को स्वीकार कर लिया होता। उसी परिस्थिति में आज, वह परिवार की खुशी को पहले चुनकर, डिप्टी कलेक्टर के पद पर ही बने रहना पसंद कर सकता है। इस अनुच्छेद का सबसे अधिक समर्थन करने वाला कथन है
(a) राज्यभर में स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा की सुविधाएँ एकसमान नहीं है।
(b) अधिकारीगण आज सरकार के प्रति वफादार नहीं है।
(c) सरकार, अधिकारियों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं की परवाह नहीं करती।
(d) अधिकारीगण, अपनी पदोन्नति की परवाह नहीं करते।

25. योग एक बहुत ही लोकप्रिय व्यायाम बन गया है। लेकिन योग कक्षा में प्रवेश लेने के पहले, व्यक्ति को अपेक्षित फिटनेस दिनचर्यो की जाँच कर लेनी चाहिए। यदि उच्च ऊर्जा, तेजगति एरोबिक व्यायाम को चाह रहे हों तो योग कक्षा सबसे अच्छा विकल्प नहीं है। इस अनुच्छेद का सबसे अधिक समर्थन करने वाला कथन है–
(a) योग एरोबिक व्यायाम की तुलना में अधिक लो. कप्रिय है।
(b) योग एक उच्च ऊर्जा वाला व्यायाम नहीं है।
(c) योग एरोबिक व्यायाम से बेहतर है।
(d) योग का व्यायाम उच्च ऊर्जा देता है।

26. सब कलम पुस्तक है : कुछ कल पेंसिल है। तो
(a) कुछ पुस्तक पेंसिल हैं।
(b) कुछ पेंसिल पुस्तक हैं।
(c) सभी पुस्तकें पेंसिल हैं।
(d) सब कलमें पेंसिल हैं।

27. एक ईमानदार राजा ने अपने मंत्री को कुछ गलती के लिए मृत्युदण्ड देने का निर्णय लिया। लेकिन उसने उसको दो विकल्प दिए :
मैं अभी जो सोच रहा हूँ उसके यदि तुम सही बता देते हो तो तुमको फाँसी की सजा दी जाएगी। लेकिन यदि तुम्हारा अनुमान गलत निकला तो तुमको मगरमच्छ के सामने फेंककर मारा जाएगा। चतुर मंत्री ने ऐसा बयान दिया कि राजा इसे मार नहीं सका। मंत्री द्वारा दिया गया बयान है
(a) आप मुझे मारने को जा रहे हैं।
(b) आप मुझे मगरमच्छ के सामने फेंकने जा रहे हैं।
(c) आप मुझे फाँसी की सजा देने जा रहे हैं।
(d) आप मुझे मारने को नही जा रहे हैं।

28- A, B का भाई है, B बहिन है C की, C बहिन है D की और D, A का भाई है। B, A से कनिष्ट और C से वरिष्ठ हैं। D, C से कनिष्ठ है। सही कथन है।
(a) A और D लड़के हैं, A की आयु > D की आयु
(b) A और C लड़के हैं, A की आयु > C की आयु
(c) B और C लड़कियाँ हैं, C की आयु > B की आयु
(d) B और D लड़के हैं, B की आयु > D की आयु

29. सीता बारह साल की एक लड़की है। कई सालों से वह अपने माता-पिता को एक पालतू कुत्ता रखने के लिए कह रही थी। उसके माता-पिता ने कहा कि कुत्ता अपार्टमेंट में खुश नहीं रह पाएगा, लेकिन उन्होंने उसको एक पक्षी रखने की अनुमति दे दी। सीता अभी तक निर्णय नहीं कर पाई है कि वह किस प्रकार का पक्षी रखेगी इस अनुच्छेद का सबसे अधिक समर्थन करने वाला कथन है।
(a) सीता के माता-पिता को कुत्तों से ज्यादा पक्षी अच्छे लगते हैं।
(b) सीता को पक्षी पसंद नहीं है।
(c) सीता, माता-पिता के साथ ही एक ही अपार्टमेंट में रहती है।
(d) सीता के माता-पिता को पालतू जानवरों को अपार्टमेंट में रखना पसंद नहीं है।

**निर्देश :** (प्रश्न संख्या 30 से 35) : प्रत्येक प्रश्न के पहले एक कथन है और उसके नीचे दो पूर्णधारणाएँ क्र. 1 व क्र. 2 दी गई है। आपको कथन पर विचार करके तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है। दिये गये उत्तरों में से एक सही उत्तर चुनिये :

**30.** **कथन :** सभी महिला संगठनों ने, नये यौन उत्पीड़न कानून का स्वागत किया है।
**पूर्वधारणा 1 :** अतीत में यौन उत्पीड़न के अपराध बहुत कम होते थे।
**पूवधारणा 2 :** समाज में यौन उत्पीड़न के बारे में एक नई जागरूकता आयी है।
(a) पूर्वधारणा 1 प्रभावशाली है।
(b) पूर्वधारणा 2 प्रभावशाली है।
(c) दोनों ही पूर्वधारणाएँ प्रभावशाली हैं।
(d) कोई भी पूर्वधारणा प्रभावशाली नहीं है।

**31.** **कथन :** वक्ता ने वर्तमान परीक्षा प्रणाली को एक ऐसी नई प्रणाली में बदलने पर जोर दिया जिससे कि छात्रों की वास्तविक मानसिक क्षमता मापी जा सके।
**पूर्वधारणा 1 :** परीक्षाएँ हटा देनी चाहिए।
**पूवधारणा 2 :** परीक्षा प्रणाली में पुननिर्माण की आवश्यकता है।
(a) पूर्वधारणा 1 प्रभावशाली है।
(b) पूर्वधारणा 2 प्रभावशाली है।
(c) दोनों ही पूर्वधारणाएँ प्रभावशाली हैं।
(d) कोई भी पूर्वधारणा प्रभावशाली नहीं है।

32. **कथन :** जब तक कि देश आर्थिक समानता को उपलब्ध नहीं करता, लोकतंत्र और स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं है।

**पूर्वधारणा 1 :** लोकतंत्र और आर्थिक समानता एक साथ चलती है।

**पूवधारणा 2 :** लोकतंत्र और स्वतंत्रता, आर्थिक समानता पर निर्भर नहीं हैं।

(a) पूर्वधारणा 1 प्रभावशाली है।
(b) पूर्वधारणा 2 प्रभावशाली है।
(c) दोनों ही पूर्वधारणाएँ प्रभावशाली हैं।
(d) कोई भी पूर्वधारणा प्रभावशाली नहीं है।

33. **कथन :** जो उम्मीदवार सभी पात्रता मानंदडों को पूरा नहीं करते और/अथवा जिन्होंने अंतिम तिथि के पहले आवेदन-पत्रों को जमा नहीं किया, उनके आवेदन-पत्रों को परीक्षा आयोजित करने के पहले सरसरी तौर पर नामंजूर कर दिया गया।

**पूर्वधारणा 1 :** जिनको परीक्षा के लिए बुलाया गया उन सभी के द्वारा पात्रता मानदंडो को पूरा किया गया है।

**पूवधारणा 2 :** जिनको परीक्षा के लिए नहीं बुलाया गया उन्होंने आवेदन-पत्र समय सीमा के बाद जमा किये हैं।

(a) पूर्वधारणा 1 प्रभावशाली है।
(b) पूर्वधारणा 2 प्रभावशाली है।
(c) दोनों ही पूर्वधारणाएँ प्रभावशाली हैं।
(d) कोई भी पूर्वधारणा प्रभावशाली नहीं है।

34. **कथन :** पढ़ने में रूचि को विकसित करने के लिए, इस वर्ष विद्यालय ने प्रत्येक छात्र को हर सप्ताह दो पुस्तकें पढ़ने तथा उन पुस्तकों का साप्ताहिक विवरण देने को अनिवार्य कर दिया है।

**पूर्वधारणा 1 :** पढ़ने में रूचि का जबरदस्ती सृजन किया जा सकता है।

**पूवधारणा 2 :** बच्चों में पढ़ने की आदत का सृजन करने में विद्यालय सफल हुआ है।

(a) पूर्वधारणा 1 प्रभावशाली है।
(b) पूर्वधारणा 2 प्रभावशाली है।
(c) दोनों ही पूर्वधारणाएँ प्रभावशाली हैं।
(d) कोई भी पूर्वधारणा प्रभावशाली नहीं है।

35. **कथन :** पुरानी व्यवस्था ढह जाने पर नई व्यवस्था आती है।

**पूर्वधारणा 1 :** परिवर्तन प्रकृति का निमय है।

**पूवधारणा 2 :** पुराने विचारों को त्यागो, क्योंकि वे पुराने हैं।

(a) पूर्वधारणा 1 प्रभावशाली है।
(b) पूर्वधारणा 2 प्रभावशाली है।
(c) दोनों ही पूर्वधारणाएँ प्रभावशाली हैं।
(d) कोई भी पूर्वधारणा प्रभावशाली नहीं है।

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 36 से 40 तक में, प्रत्येक प्रश्न के पहले एक कथन है और उसके बाद दो तर्क क्र. 1 और क्र. 2 दिए गए हैं। आपको निर्णय करना है कि कौन-सा तर्क 'प्रभावशाली' है और कौन-सा नहीं। अपने निर्णय के आधार पर, सही विकल्प का चयन करें :

36. **कथन :** पटाखों को भारत में प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।

**तर्क 1 :** हाँ, क्योंकि इसके कारण गम्भीर ध्वनि और वायु प्रदूषण होता है।

**तर्क 2 :** नहीं, क्योंकि बहुत से लोग बेरोजगार हो जाएँगे।

(a) तर्क 1 प्रभावशाली है।
(b) तर्क 2 प्रभावशाली है।
(c) तर्क 1 और 2 दोनों प्रभावशाली हैं।
(d) न तो तर्क 1 और न ही 2 प्रभावशाली हैं।

37. **कथन :** विद्यालय जाने वाले बच्चो को टीवी देखने से रोकना चाहिए।

**तर्क 1 :** हाँ, यह उनके समय की बरबादी है।

**तर्क 2 :** नहीं, यह बच्चों के सामान्य ज्ञान को उन्नत करने का एक ही रास्ता है।

(a) तर्क 1 प्रभावशाली है।
(b) तर्क 2 प्रभावशाली है।
(c) तर्क 1 और 2 दोनों प्रभावशाली हैं।
(d) न तो तर्क 1 और न ही 2 प्रभावशाली हैं।

38. **कथन :** भारत सरकार को मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों को खोलने पर समान महत्व देना चाहिए।

**तर्क 1 :** हाँ, हमको एक बेहतर, डॉक्टर और रोगी का अनुपात चाहिए ताकि बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिले।

**तर्क 2 :** हाँ, हमको बेहतर अर्थव्यस्था के लिए, एक बेहतर आधारभूत ढाँचे की आवश्यकता है।

(a) तर्क 1 प्रभावशाली है।
(b) तर्क 2 प्रभावशाली है।
(c) तर्क 1 और 2 दोनों प्रभावशाली हैं।
(d) न तो तर्क 1 और न ही तर्क 2 प्रभावशाली हैं।

39. **कथन :** ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन के उपयोग को प्रतिबन्धित किया जाना चाहिए।

**तर्क 1 :** हाँ, इसके कारण सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं।

**तर्क 2 :** नहीं, यह व्यापार में रूकावट डालेगा।

(a) तर्क 1 प्रभावशाली है।
(b) तर्क 2 प्रभावशाली है।
(c) तर्क 1 और 2 दोनों प्रभावशाली हैं।
(d) न तो तर्क 1 और न ही 2 प्रभावशाली हैं।

40. **कथन :** क्या भारत को वैज्ञानिक अनुसंधान पर ज्यादा खर्च करना चाहिये?

**तर्क 1 :** हाँ, वैज्ञानिक अनुसंधान से उन्नत प्रौद्योगिकी में मदद मिलती है।

**तर्क 2 :** नहीं, क्योंकि भारत को हाल के बीते समय में कोई भी नोबेल पुरस्कार नहीं मिला।

(a) तर्क 1 प्रभावशाली है।
(b) तर्क 2 प्रभावशाली है।
(c) तर्क 1 और 2 दोनों प्रभावशाली हैं।
(d) न तो तर्क 1 और न ही 2 प्रभावशाली हैं

41. यदि $\frac{x}{y}=\frac{5}{3}$, तो $\frac{x^2-y^2}{x^2+y^2}$ का मान है।
(a) 7/19
(b) 4/15
(c) 1/4
(d) 8/17

42. मान ज्ञात कीजए :

$$5-\cfrac{5}{1+\cfrac{1}{3+\cfrac{1}{2+\cfrac{1}{4}}}}$$

(a) 4/9 (b) 9/8
(c) 31/9 (d) 40/31

43. सरलीकृत करो :
a - (a - (a+b) - [a-(a - b-a)] + 2b
(a) o (b) 4a
(c) 4b (d) 3a - 2b

44. एक आदमी 60 किमी. प्रति घंटे की गति से चलने वाली ट्रेन में बैठा हुआ है और ध्यान से देखता है कि उल्टी दिशा में आने वाली मालगाड़ी 9 सेकंड में उसके पास से निकल जाती है। यदि मालगाड़ी की लम्बाई 250 मी. है, तो मालगाड़ी की गति किमी./घंटा होगी
(a) 20 (b) 30
(c) 40 (d) 50

45. एक आदमी और चार लड़के एक काम को 10 दिन में पूरा कर सकते है, जबकि तीन आदमी और दो लड़के उसी काम को छः दिन में कर सकते है। दो आदमी और तीन लड़के उसी काम को करने में कितने दिन लगायेंगे?
(a) 4.5 (b) 7.5
(c) 12 (d) 15

46. छः पुरूष और पाँच महिलाओं के समूह से, 5 सदस्यों वाली एक समिति को, जिसमें 3 पुरूष और 2 महिलाएँ हैं, कितने प्रकार से चुना जा सकता है?
(a) 150 (b) 200
(c) 900 (d) 1800

47. एक वर्ग और एक त्रिभुज का समान क्षेत्रफल है। यदि वर्ग की भुजा और त्रिभुज की ऊँचाई का अनुपात 2/3 है, तो त्रिभुज में ऊँचाई और आधार का अनुपात है–
(a) 2/3 (b) 2/5
(c) 9/8 (d) 9/11

48. रोहन अपनी मासिक छात्रवृत्ति का 25% पुस्तकों पर खर्च करता है। बची हुई राशि का 75% वह छात्रावास और महाविद्यालय के शुल्क पर खर्च करता है, यदि उसके पास महीने के अंत में ₹ 120 बचते हैं, तो रोहन की मासिक छात्रवृत्ति क्या है?
(a) 640 (b) 850
(c) 1000 (d) 1260


49. एक किसी संस्थान का बिजली का बिल आंशिक रूप से निर्धारित है और आंशिक रूप से बिजली की यूनिटों की संख्या के अनुसार बदलता है। जब एक महीने में 560 यूनिटों का उपभोग हुआ तो बिल ₹ 24,00 आया। एक-दूसरे महीने में 620 यूनिटों का उपभोग हुआ तो बिल ₹ 2,640 आया। एक अन्य महीने में 500 यूनिट की खपत हुई तो उस महीने का बिल होगा–
(a) ₹ 1,660 (b) ₹ 1,860
(c) ₹ 2,160 (d) ₹ 2,260

50. एक संख्या जिसका वर्गमूल उसके घनमूल से दुगना है उसका मान होगा
(a) 4 (b) 16
(c) 64 (d) 128

**निर्देश :** प्रश्न 51 एवं 52 उत्तर देने के लिए नीचे दिये पाई चित्र और तालिका का अध्ययन कीजिए :

पहले छह महीने के दौरान, दो वितरकों (ए और बी) द्वारा बेची गई कारों की संख्या, पाई चित्र ममें वितरण प्रतिशत के रूप में दर्शायी गई है। बेची गई कारों की कुल संख्या 1500 है।

छह महीनों के अंदर कम्पनी ए और कम्पनी बी के द्वारा बेची गई कारों का क्रमिक अनुपात, तालिका में दिखाया गया है।




| मास | अनुपात ( ए : बी ) |
|---|---|
| जनवरी | 8 : 7 |
| फरवरी | 1 : 2 |
| मार्च | 3 : 2 |
| अप्रैल | 7 : 5 |
| मई | 7 : 8 |
| जून | 7 : 9 |

51. कम्पनी बी द्वारा जनवरी में बेची गई और जून में बेची गई कारों की संख्या का क्रमशः अनुपात क्या है?
(a) 116 : 135 (b) 119 : 145
(c) 116 : 145 (d) 119 : 135

52. यदि कम्पनी ए द्वारा मई में 25% कारें छूट पर बेची गई, तो इसी महीने में कंपनी ए को बिना छूट के बेची गई कारों की संख्या है
(a) 21 (b) 63
(c) 84 (d) 105

53. एक दो अंको वाली संख्या ''PQ'' है, जिसके अंकों का जोड़ 11 आता है। मूल संख्या के अंकों को अदला-बदली करके एक नई संख्या ''QP'' को बनाया जा सकता है। ''PQ'' से ''QP'' को घटाने से 9 आता है। मूल संख्या ''PQ'' है

(a) 83 (b) 47
(c) 74 (d) 65

54. आज एक पिता अपने पुत्र की आयु से तीन गुना बड़ा है। दस वर्ष बाद, पिता अपने पुत्र की आयु से दो गुना बड़ा हो जाएगा। जब पुत्र की आयु अपने पिता की आयु की 3/4 हो जायेगी, तब उस समय पुत्र की आयु क्या होगी?

(a) 30 (b) 45
(c) 60 (d) 75

55. अनुज का वेतन ₹ 500 से 10% अधिक हो गया। एक महीने बाद वेतन 10% घट गया। इसके बाद ₹ में उसका वेतन होगा


(a) ₹ 500 (b) ₹ 495
(c) ₹ 505 (d) कोई नहीं

56. कुमार अपनी मासिक आय का 30% भोजन पर, 20% बिजली पर और शेष आय का 70% मकान किराये पर खर्च करता है। इन सभी खर्चों के बाद, उसके पास ₹ 300 बचते हैं। कुमार की रूपये में मासिक आय है

(a) ₹ 2,000 (b) ₹ 3,000
(c) ₹ 2,500 (d) ₹ 3,500

**निर्देश :** निम्नांकित चित्र में भाषाओं की संख्या के आँकड़े 150 व्यक्तियों से नमूना-संग्रह पर आधारित हैं। इन आँकड़ों पर विचार करके प्रश्न संख्या 57 से 59 के उत्तर दीजिए :

व्यक्तियों की संख्या




ज्ञात भाषाओं की संख्या

57. कम से कम 3 भाषाओं के जानने वाले व्यक्तियों की संख्या है-

(a) 50 (b) 55
(c) 80 (d) 120

58. अधिकतम 4 भाषाओं को जानने वाले व्यक्तियों की संख्या है-

(a) 15 (b) 30
(c) 105 (d) 135

59. कम से कम दो भाषाओं को जानने वाले व्यक्तियों की संख्या और अधिकतम दो भाषाओं को जानने वाले व्यक्तियों की संख्या का अनुपात है

(a) 27/14 (b) 11/30
(c) 7/8 (d) 3/10

60. वंदना के पास ₹ 200 से कम रूपये हैं और अपने रूपये का आधा हिस्सा अपने मित्र को देने का निर्णय लेती है। वह किसी भी समय अपने पास बचे धन का आधा हिस्सा अपने अन्य मित्रों को देती रहती है, जब तक कि उसके हाथ में शेष रूपये दो अंकों वाली पहली अभाजय संख्या के बराबर नहीं हो जाते।

पहले मित्र के दिये गये धन को, आखिरी मित्र को दिये गये धन से विभाजित करने पर आयी भाज्य संख्या-

(a) 2 (b) 8
(c) 4 (d) 16

**निर्देश :** (प्रश्न संख्या 61 से 65) निम्नलिखित प्रत्येक शब्द के लिए एक संदर्भ दिया गया है। दिये गये विकल्पों में से वह शब्द अथवा वाक्यांश चुनिये जो तत्संबंधित संदर्भ में शब्दार्थ के सर्वाधिक निकट है।

61. समवेदना : दुर्घटना से पीड़ित वृद्ध महिला की किसी ने भी सहायता नहीं की, क्योंकि उन्होंने उसके प्रति समवेदना अनुभव नहीं की-

(a) नापसंद करना
(b) दूसरों को समझने और उनकी भावनाओं को साझा करने की क्षमता
(c) किसी से घृणा करना क्योंकि वह वृद्ध है।
(d) किसी को पसंद करना।

62. अनधिकृत निवासी : नगर महापालिका मैदान से सभी अनधिकृत निवासियों को हटा रही है-

(a) जगली वृक्ष
(b) अवैध अप्रवासी
(c) अवैध रूप से किसी भूमि पर बसने वाले
(d) फेरी वाले

63. कठोर कार्यवाही : सरकार ने बड़े विज्ञापन बोंडो पर कठोर कार्यवाही का निमार्ण किया है-

(a) अनुमति देना
(b) कर
(c) हटाना
(d) किसी के विरूद्ध कड़े उपाय करना

64. अधिमूल्यित : पिछले कुछ महीनों में स्वर्ण का मूल्य उल्लेखनीय ढंग से अधिमूल्यित हुआ है-

(a) बढ़ गया है (b) अनुमोदित
(c) घट गया है (d) प्रशंसात्मक

65. क्षणिक : ट्रेन के तेजी से चलने के कारण, हमको दूर से पहाड़ों की क्षणिक झलक दिखाई पड़ी-

(a) स्पष्ट (b) अस्पष्ट
(c) चमकदार (d) पलभर के लिए

**निदेश :** (प्रश्न सं. 66 से 70 तक) : निम्नलिखित लेखांश को पढ़कर उसके अन्त में दिये गये प्रश्नों का उत्तर दीजिये। प्रश्नों के उत्तर लेखांश पर आधारित होने चाहिए :

जब शरीर में स्थित कोशिकाओं और शरीर के बीच संघर्ष होता है, तो प्राकृतिक चयन साधारणत: शरीर का पक्ष लेता है, जिससे पथभ्रष्ट कोशिकाएँ साधारणत: अनुशासित हो जाती है, विशेषत, क्योंकि कोशिकाएँ शरीर के बाहर जीवित नहीं रह सकती। इस सिद्धांत का एक सुपरिचित अपवाद यह है कि कैंसर कोशिकाएँ को ऐसी स्वार्थी कोशिकाओं के रूप में सोचा जा सकता है जो शरीर के लिए लाभप्रद गति से, अधिक तेजी से पुनरूत्पादन का प्रयत्न कर रही है। बेशक अन्त में कैंसर कैंसर कोशिकाएँ व्यक्ति के साथ ही नष्ट हो जाती है, परन्तु यह स्पष्ट नहीं होता कि क्यों प्राकृतिक चयन ने कैंसर को पूर्ण यप से लुप्त नहीं किया। कैंसर कोशिकाओं के स्वार्थी होने के बारे में एक सामान्य आपत्ति यह है कि- वह विकृत होते हैं और शायद विषाणुओं से संक्रमित होती है, कैंसर एक बीमारी है, इत्यादि। यह सब सत्य है और इस प्रश्न के निकटस्थ उत्तर के लिए लाभप्रद है- क्यों कैंसर कोशिकाएँ शरीर के लिए लाभप्रद गति से अधिक तेजी से पुनरूत्पादन करती है। परन्तु परम, विकासपरक उत्तर अनिवार्य रूप से होना चाहिए कि इस मामले में प्राकृतिक चयन व्यक्ति के बजाय, कोशिकाओं के पक्ष के ज्यादा काम कर रहा है।

66. कैंसर कोशिकाएँ स्वार्थी होती है, इस विवेचना के विरूद्ध क्या सामान्य आपत्ति (आपत्तियाँ) हैं?
(a) कैंसर कोशिकाएँ विकृत होती है।
(b) शायद, कैंसर कोशिकाएँ विषाणु से संक्रमित होती है।
(c) कैंसर एक बीमारी है।
(d) उपर्युक्त सभी।

67. जब शरीर में स्थित कोशिकाओं और शरीर के बीच संघर्ष होता है, तो प्राकृतिक चयन साधारणत: किसका पक्ष लेता है?
(a) शरीर (b) कोशिकाओं
(c) कोई भी नहीं (d) दोनों

68. परम विकासपरक उत्तर अनिवार्य रूप से होना चाहिए कि कैंसर कोशिकाओं के मामले में प्राकृतिक चयन इसके पक्ष में काम कर रहा है-
(a) शरीर (b) कोशिकाओं
(c) कोई भी नहीं (d) दोनों

69. कैंसर कोशिकाओं को स्वार्थी रूप से सोचा जा सकता है क्योंकि-
(a) वे सम्पूर्ण शरीर के स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद गति से अधिक तेजी से पुनरूत्पादन करती हैं।
(b) प्राकृतिक चयन इसके पक्ष में होता है।
(c) कैंसर एक बीमारी है।
(d) कैंसर एक अपवाद है।

70. कैंसर कोशिकाओं का विषय एक सामान्य नियम का अपवाद है, जिसके अनुसार-
(a) जब शरीर में स्थित कोशिकाओं और शरीर में संघर्ष होता है, तो प्राकृतिक चयन साधारणत: कोशिकाओं का पक्षधर हैं
(b) जब शरीर में स्थित कोशिकाओं और शरीर में संघर्ष होता है, तो प्राकृतिक चयन साधारणत: शरीर का पक्षधर होता है।
(c) जब शरीर में स्थित कोशिकाओं और शरीर में संघर्ष होता है, तो प्राकृतिक चयन की साधारणत: कोई भूमिका नहीं होती।
(d) जब शरीर में स्थित कोशिकाओं और शरीर में संघर्ष होता है, तो प्राकृतिक चयन साधारणत: दोनों का पक्ष लेता है।

**निर्देश :** (प्रश्न सं. 71 से 75 तक) : निम्नलिखित लेखांश को पढ़कर उसके अन्त में दिये गये प्रश्नों का उत्तर दीजिये। प्रश्नों के उत्तर लेखांश पर आधारित होने चाहिए।

भारत की मुख्य भूमि पर कई जनजातियाँ और जातियाँ शिकार करने, मछली पकड़ने अथवा संचयन से जीवनयापन करती है। परन्तु वे अपनी आवश्यकताओं की संतुष्टि के लिए केवल इन पर निर्भर नहीं करती, पर अंडमान द्वीप समूह के आदिवासी अपनी आजीविका के लिए पूरी तरह इन पर निर्भर करते हैं। उनका दूसरों के साथ कोई व्यापारिक संबंध नहीं होता है और एक-दूसरे से इतना अलग-थलग हैं कि लिटिल अंडमान के ओंगे, ग्रेट अंडमान के जरावा अथवा उत्तरी सेंटिनल द्वीप के निवासियों की भाषा नहीं समझते, यद्यपि सभी द्वीप समीपस्थ है। तकनीकी रूप से अत्यन्त अल्प साधनयुक्त होने के बावजूद, इनमें से प्रत्येक समूह स्थानीय संसाधनों से अपनी सभी आवश्यकताओं को पूरा करता है। वह अपन भरण-पोषण में यथेष्ट प्रवीणता का प्रयोग करते है।

71. शिकार करने, मछली पकड़ने और संचयन के ही ऊपर निर्भर करने वाली जनजातियाँ और जातियाँ संबंधित हैं-
(a) भारत की मुख्य भूमि से
(b) अंडमान द्वीपों के निवासियों से
(c) केवल ग्रेटर अंडमान के जरावा से
(d) केवल लिटिल अंडमान के ओगे से

72. लिटिल अंडमान के आगे, उत्तरी सेंटिनल द्वीप के समीप होने के बावजूद उनकी भाषा नहीं समझते। यह इंगित करता है कि वह
(a) तकनीकी रूप से अति अल्प साधनयुक्त हैं।
(b) मुख्य भूमि में रहते हैं।
(c) एक-दूसरे से अलग-थलग हैं।
(d) एक-दूसरे के साथ व्यापारिक संबंध रखते हैं।

73. लेखांश में निहित है कि भारत के मुख्य भूमि की बहुत-सी जनजातियाँ और जातियाँ-
(a) अपनी कुछ आवश्यकताओं को व्यापार के माध्यम से पूरा करती हैं।
(b) शिकार करने मछली पकड़ने और संचयन के ऊपर पूर्णत: निर्भर है।
(c) अंडमान द्वीपों के वासियों की तुलना में कम आवश्यकताएँ रखती हैं।
(d) एक आसान जीवन जीती हैं क्योंकि उनकी आवश्यकताएँ बिना किसी प्रयास के पूर्ण हो जाती हैं।

74. अंडमान द्वीपों के आदिवासी अर्थात जरावा और ओंगे, अपनी सब आवश्यकताओं को स्थानीय संसाधनों की सहायता से पूरा करते हैं क्योंकि
(a) वे यथेष्ट प्रवीणता का प्रयोग करते हैं।
(b) वे तकनीकी रूप से अल्प साधनयुक्त हैं।
(c) वह एक-दूसरे की भाषा नहीं समझते।
(d) उपर्युक्त सभी।

75. उत्तरी सेंटिनल द्वीप __________ का हिस्सा है।
(a) भारत का मुख्य भू-भाग
(b) लिटिल अंडमान
(c) ग्रेट अंडमान
(d) अंडमान द्वीपसमूह

76. आप ट्रेन से यात्रा कर रहे हैं और एक यात्री बहुत जोर से संगीत सुन रहा है जिससे सब सहयात्री परेशान हो रहे हैं। आप क्या करेंगे?
(a) आप संगीत बजाने वाले यात्री से बात करके उसके आवाज कम करने के लिए कहेंगे।
(b) अपने कानों में कान के प्लग लगा लेंगे।
(c) दो और यात्रियों से मिलकर, संगीत बजाने वाले यात्री की पिटाई कर देंगे।
(d) उससे अपने कुछ पसंदीदा गानों को बजाने की फरमाइश करेंगे।

77. आप एक पुलिस अधिकारी हैं और आपके अधिकार क्षेत्र में एक मंदिर राजमार्ग के निर्माण के रास्ते में पड़ रहा है। आपसे मंदिर को स्थानांतरित करने को कहा गया है लेकिन ऐसा करने पर कानून एवं व्यवस्था भंग होने की आशंका है। आप क्या करेंगे?
(a) पुलिसकर्मियों की एक प्लाटून को रात में मंदिर ध्वस्त करने को आदेशित करेंगे।
(b) स्थानीय धार्मिक नेताओं को नाराज करने के डर से कुछ नहीं करेंगे।
(c) एक-दूसरे थाने में तबादले की कोशिश करेंगे।
(d) स्थानीय नेताओं को राजमार्ग के महत्व के बारे में यकीन दिलायेंगे और उनकी सहायता से मंदिर को स्थानांतरित करेंगे।

78. आपकी एक सहयोगी स्कर्ट पहनकर कार्यालय आती है। एक दिन वह आपसे शिकायत करती है कि एक दूसरे सहयोगी ने उस पर अपमानजनक टिप्पणी की। आप क्या करेंगे?
(a) उससे कहेंगे कि चूँकि उसने इस तरह के कपड़े पहने, वह सुनी हुई टिप्पणी के ही लायक है।
(b) उससे कहेंगे कि टिप्पणियों की उपेक्षा करे और अपने काम में लगी रहे।
(c) उसका चाय के क्लब में मजाक बनायेंगे।
(d) उसको इस मामले की उचित प्राधिकारी को रिपोर्ट करने की सलाह देंगे।

79. आपका एक मेडिकल स्टोर है। कोई आपके पास आता है और बिना चिकित्सक की पर्ची के औषधि यह कह कर माँगता है कि वह अति आवश्यक है। आप इस स्थिति को कैसे संभालेंगे?
(a) ग्राहक को औषधि दे देंगे।
(b) बिना चिकित्सक की पर्ची के औषधि देने से मना कर देंगे।
(c) औषधि को ऊँची कीमत पर बेचेंगे।
(d) उसे चिकित्सक से फोन पर बात करने के लिए कहेंगे।

80. दिवाली के लिए आपने अपने निवास पर एक नृत्य पार्टी का आयोजन किया है। आपका एक पड़ोसी 10.30 बजे आपसे लाउडस्पीकरोंको बन्द करने को कहता है। आप क्या करेंगे?
(a) पड़ोसी को समायोजन करने को कहेंगे क्योंकि दिवाली वर्ष में केवल एक बार आती है।
(b) अपने मित्रों के साथ, पड़ोसी को पीटने की धमकी देते हैं, यदि वह तुरंत वहाँ से चला नहीं जाता।
(c) लाउडस्पीकरों को बंद कर देंगे और पड़ोसी से असुविधा के लिए क्षमा माँगेंगे।
(d) उस समय तो बंद कर देंगे, लेकिन पड़ोसी के जाने के बाद फिर से चालू कर देंगे।

81. आपका बच्चा घर आकर बताता है कि उसकी स्थानापन्न अध्यापिका उसको मारती है। आप क्या करेंगे?
(a) इसके बारे में कक्षा अध्यापक से बात करेंगे।
(b) आप स्वयं स्थानापन्न अध्यापिका से बात करेंगे और उसको धमकी देंगे।
(c) अपने बच्चे को चुपचाप पिटाई को सहन करने को कहेंगे।
(d) दूसरे माता-पिता को इकट्ठा करके प्रिंसिपल की घेराव करेंगे।

82. हृदयरोग विशेषज्ञ को मिलने के लिए एक लम्बी कतार है। आपका कतार में 10वाँ नम्बर है, लेकिन आपको एक महत्वपूर्ण मींटिग में भाग लेना है। हृदयरोग विशेषज्ञ आपका मित्र है। आप क्या करेंगे?
(a) हृदयरोग विशेषज्ञ को अपनी बारी से हपले दखने को कहेंगे।
(b) अपनी बारी की प्रतीक्षा करेंगे और किसी को बिना सूचना दिये मीटिंग में नहीं जायेंगे।
(c) अपनी बारी की प्रतीक्षा करेंगे ओर दूसरों को मीटिंग आगे बढ़ाने के लिए सूचना देंगे।
(d) कतार में अपने आगे बैठे लोगों को कहेंगे कि आपको पहले जाने दें क्योंकि आपका समय उनके समय से ज्यादा मूल्यवान है।

83. आपका एक मित्र अपने कार्यालय से अनुपस्थिति की छुट्‌टी लेना चाहता है। इसके लिए उसको अपने भाई से, जो एक डॉक्टर है, एक झूठे चिकित्सा प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है। वह आपसे अनुरोध करता है कि आप अपने भाई से बात करके उसे प्रमाण-पत्र दिला दें। आप क्या करेंगे?
(a) अपने भाई से सिफारिश करेंगे कि वह अपने मित्र को झूठा प्रमाण-पत्र दे दे।
(b) अपने मित्र को अपने भाई से सीधे बात करने को कहेंगे।
(c) अपने मित्र को बतायेंगे कि वह गलत है।
(d) अपने मित्र को एक-दूसरे डॉक्टर के पास भेंजेगे जो पैसे लेकर झूठा प्रमाण-पत्र देता है।

84. आपके कार्यालय में एक अस्थाई कर्मचारी है और वह अपको बताता है कि श्रम ठेकेदार उसको उचित मजदूरी नहीं दे रहा है। आप क्या करेंगे?
(a) कुछ नहीं, चूँकि श्रम ठेकेदार राजनैतिक रूपसे अच्छे संबंध रखने वाला है।
(b) अपने कर्मचारी से श्रम ठेकेदार से प्रार्थना करने को कहेंगे और वह इस पर भी मना करता है, तो उसको एक औपचारिक शिकायत, उचित प्राधिकारी को लिखने में मदद देंगे।
(c) कुछ नहीं, क्योंकि यह आपकी समस्या नहीं है।
(d) कुछ नहीं, क्योंकि आप विश्वास करते हैं कि श्रम कानूनों के द्वारा प्रस्तावित मजदूरियाँ ऊँची हैं।

85. आपका मित्र, आपकी उत्तर पुस्तिका से नकल कर लेने देने को कहता है ताकि उसे परीक्षा को पास करने में सहायता मिले। आप क्या करेंगे?
(a) मित्र से बात करना बंद कर देंगे।
(b) यदि वह उत्तीर्ण होने पर पार्टी देने को राजी हो जाता है, तो उसकी सहायता करेंगे।
(c) अपने परीक्षा केंद्र को बदलने की कोशिश करेंगे।
(d) अपने मित्र को समझायेंगे कि नकल करना गलत है और आप इसके लिए राजी नहीं होंगे।

86. 'इस पुस्तक को देखो, यह कितनी उपयोगी है।' वाक्य में सर्वनाम का प्रकार बताइये :
(a) पुरूश वाचक (b) निश्चय वाचक
(c) अनिश्चय वाचक (d) सम्बन्ध वाचक

87. वर्तनी की दृष्टि से सही शब्द का चयन कीजिए :
(a) उज्जवल (b) उजज्वल
(c) उज्ज्वल (d) उजज्व्ल

88. 'मनोहर' शब्द में कौन-सी संधि है?
(a) स्वर संधि (b) व्यंजन संधि
(c) विसर्ग संधि (d) इनमें से काई नहीं

89. निम्नांकित में द्विगु समास है :
(a) शताब्दी (b) नकटा
(c) अष्टभुजा (d) चतुर्भुज

90. 'कामायनी' महाकाव्य के रचयिता है
(a) मैथिलीशरण गुप्त (b) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(c) जयशंकर प्रसाद (d) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 91 से 95 के उत्तर निम्नलिखित अवतरण के आधार पर दीजिए। प्रश्नों के उत्तर केवल दिए गए गद्यांश पर ही आधारित होने चाहिए।

देश की उन्नति के लिए गाँधीजी ने ग्रामोन्नति को स्र्वोपरि माना है। भारतीय ग्राम, भारत की प्राचीन सभ्यता व संस्कृति के प्रतीक हैं। ग्राम ही भारतवर्ष की आत्मा हैं और सम्पूर्ण भारत उनका शरीर। शरीर की उन्नति आत्मा की स्वस्थ स्थिति पर निर्भर है। आत्मा के स्वच्छ होने पर ही संपूर्ण शरीर में नवचेतना व नवशक्ति का संचार होता है। आज भी भारत की साठ प्रतिशत जनसंख्या गाँवों में ही बसती है। गाँधीजी कहा करते थे – 'भारत का हृदय गाँवों में बसता है। गाँवों की उन्नति से ही भारत की उन्नति हो सकती है। गाँवों में ही सेवा और परिश्रम के अवतार किसान बसते हैं।' अत: भारत की उन्नति नगरों की उन्नति पर नहीं अपितु गाँवों की उन्नति पर निर्भर करती है। अत: ग्रामोन्नति का कार्य देशोन्नति का कार्य है। महाकवि सुमित्रानंदन पंत ने 'भारतमाता ग्रामवासिनी' नामक कविता में ठीक ही कहा है कि भारतवर्ष का वास्तविक स्वरूप गाँवों में है।

91. भारतीय ग्राम किसके प्रतीक हैं?
(a) यूरोप की प्राचीन सभ्यता के।
(b) भारत की प्राचीन संस्कृति के।
(c) भारत की प्राचीन सभ्यता व संस्कृति के।
(d) उपर्युकत में से कोई नहीं।

92. शरीर की चेतना का संचार कब होता है?
(a) जब शरीर स्वस्थ हो।
(b) जब लोग स्वस्थ हो।
(c) जब आत्मा स्वस्थ हो।
(d) जब कोई भी स्वस्थ न हो।

93. किसानों को क्या बताया गया है?
(a) उन्नति का प्रतीक
(b) आलसियों का अवतार
(c) सेवा और परिश्रम का अवतार
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

94. भारत की उन्नति निर्भर करती है
(a) महानगरों की उन्नति पर।
(b) शहरों की उन्नति पर।
(c) कस्बों की उन्नति पर।
(d) ग्रामों की उन्नति पर।

95. 'ग्रामोन्नति' शब्द बना है
(a) ग्रामो + न्नति
(b) ग्रामो + नति
(c) ग्रामोन्न + ति
(d) ग्राम + उन्नति

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 96 से 100 के उत्तर निम्नांकित अवतरण के आधार पर दीजिए :

मानव ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है। जीवन जीने के लिए है और मनुष्य जीना भी चाहता है। जीने से तात्पर्य है- उल्लासपूर्ण जिंदगी। पर अनेक बार निराशा घेर लेती है। वह कौन-सी कला है जिससे उल्लासपूर्ण जिंदगी जी जा सके? यह कला एक बहुत ही साधारण कला है। इसके लिए न किसी तप की आवश्यकता है और न योग साधन की। यह कला है- दूसरों के लिए जीना, केवल अपने लिए नहीं। जब हम दूसरों के लिए जिएँगे तो हमारी जिंदगी दूसरों की भी हो जाएगी और लोग हमसे प्यार करने लगेंगे, जिससे आनंद के सारे द्वार खुल जाएँगे। ऐसी ही स्थिति में हमारा जीवन सौद्देश्य कहलाएगा और हमें जीवन के मनोहारी रूप के दर्शन हो सकेंगे।

96. 'मानव ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति' का तात्पर्य है
(a) समस्त प्राणियों में मनुष्य को सर्वाधिक शक्तिशाली बनाया है।
(b) समस्त प्राणियों में मनुष्य को सबसे सुंदर बनाया है।
(c) ईश्वर ने मनुष्य को फुरसत में बैठकर गढ़ा है।
(d) प्रत्येक दृष्टि से मनुष्य सर्वश्रेष्ठ हैं

97. मनुष्य किस प्रकार की जिंदगी जीना पसंद करता है?
(a) आसान जिंदगी
(b) फुरसती जिंदगी
(c) भाग-दौड़ भरी जिंदगी
(d) उल्लासपूर्ण जिंदगी

98. जीवन जीने की अच्छी कला है
(a) प्रतिदिन योग साधना करना।
(b) कभी-कभी तपस्या करना।
(c) रोचक कहानी, उपन्यास पढ़ना।
(d) दूसरों के लिए जीना, केवल अपने लिए नहीं।

99. दूसरों के लिए जीने का प्रभाव होगा
(a) हमारी जिंदगी दूसरों को भी हो जाएगी।
(b) लोग हमसे प्यार करने लगेंगे।
(c) आनंद के द्वार खुद जाएँगे।
(d) उपर्युक्त सभी।

100. दिए गए गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक हो सकता है
(a) जीवन में योग साधना
(b) जीवन - एक तपस्या
(c) जीवन जीने की कला
(d) जीवन और ईश्वर